(d) and (e) The Government of India is also implementating a comprehensive project for the growth of the leather industry in India with the financial assistance from the UNDP. Besides, the Council for Leather Export is implementing sub-subjects which aim at enhancing export capabilities of the Members of the Council.

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची को पुनः चालू किया जाना

2012. **श्री कामेश्वर पासवान :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हैवी इंजीनियरिंग, कारपोरेशन रांची के पुनर्निर्माण संबंधी मामला औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के पास अंतिम अनुशंसा किए जाने के लिए लंबित पड़ा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रबन्धन स्टेट बैंक और सरकार द्वारा किए गए तदर्थ वित्तीय उपायों के कारण कारपोरेशन की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है;

(ग) क्या यह भी सच है कि उद्योग मंत्रालय द्वारा 31 अक्तूबर, 1993 तक कार्यान्वयन संबंधी पैकेज प्रस्तुत करने में विफल रहने के कारण औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा अंतिम अनुशंसा नहीं की जा सकी; और

(घ) सरकार कारपोरेशन का पुनर्वास करने और इसे सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत ही चलाने के लिए क्या कदम उठा रही है?

उद्योग मंत्रालय (औद्योगिकी विकास विभाग) में राज्य मंत्री और उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एच० ई० सी०) घाटे वाली कंपनी होने के कारण, औद्योगिक औरवित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को संदर्भित कर दी गई है।

(ख) एच० ई० सी० के निष्पादन में 1991-92 की तुलना में 1992-93 में सुधार हुआ है।

(ग) बी० आई० एफ० आर० से एक प्रचालन एजेन्सी नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है जो एच० ई० सी० द्वारा प्रस्तुत टर्न अराउन्ड योजना की जांच कर सके।

(घ) सरकार कम्पनी को योजना और गैर-योजना निधियां देकर, बैंकों में नकद जमा सीमा बढ़ा कर और बेशी श्रमशक्ति को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना द्वारा युक्तिपरक बनाने इत्यादि के द्वारा इसकी सहायता कर रही है।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन को हुआ घाटा

2013. **श्री गया सिंह:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1993-94 के अक्तूबर माह तक हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, हटिया को कुल कितना घाटा हुआ है? **उद्योग मंत्रालयय (औद्योगिकी विकास विभाग) में राज्यमंत्री और उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्यमंत्री (श्रीमती कृष्णा साही):** हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एच० ई० सी०) को वर्ष 1993-94 में अक्तूबर तक 69.16 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

नई औद्योगिक नीति के अधीन स्थापित किए गए उद्योग

2014. **श्री गया सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति को लागू करने के बाद देश में अब तक स्थापित किए गए नए उद्योगों का ब्यौरा क्या है? **उद्योग मंत्रालय (औद्योगिकी विकास विभाग) में राज्य मंत्री और उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) :** जुलाई 1991 में नई औद्योगिक नीति की घोषणा के बाद से नवंबर 1993 तक देश में विभिन्न उद्योगों की